# राजस्थान सरकार
## निदेशालय स्थानीय निकाय, राज0 जयपुर

जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास, जयपुर
(Phone & Fax-2222403/2223239 Web-www.lsgraj.org Email ID-dlbrajasthan@gmail.com)

क्रमांकःएफ.55( )पीए / सीई / डीएलबी / एमजेएसए / 2020 / 42404 दिनांकः 19.8.20

आयुक्त
नगर निगम
जोधपुर।

**विषयः–** आश्वासन संख्या 16 / 2018 की क्रियान्विति के संबंध में।

**संदर्भः–** अवर शासन सचिव, निदेशालय, स्वायत्त शासन विभाग का पत्रांक 2053 दिनांक 06.08.2020

उपरोक्त विषयान्तर्गत सहायक सचिव, (प्रश्न एवं आश्वासन) राजस्थान विधानसभा सचिवालय के पत्रांक 19480 दिनांक 27.06.2018 के माध्यम से प्राप्त आश्वासन संख्या 16 / 2018 की प्रति प्रेषित कर लेख है कि आश्वासन की क्रियान्विति से संबंधित वर्तमान वस्तुस्थिति की रिपोर्ट से निदेशालय को 7 दिवस में अवगत करायें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्नः–उपरोक्तानुसार।

(दीपक नंदी)
निदेशक एवं विशिष्ट सचिव

क्रमांकःएफ.55( )पीए / सीई / डीएलबी / एमजेएसए / 2020 / 42405 – 42410 दिनांकः 19.8.20

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः

1. निजी सचिव, शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान।
2. जिला कलक्टर जोधपुर, राजस्थान।
3. उपनिदेशक (क्षेत्रीय), जोधपुर, स्थानीय निकाय विभाग,, राजस्थान।
4. सहायक सचिव, (प्रश्न एवं आश्वासन) सचिवालय राजस्थान विधानसभा।
5. प्रोग्रामर, आई. टी. सैल वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
6. सुरक्षित पत्रावली।

19/8

(भूपेन्द्र माथुर)
मुख्य अभियंता

विधानसभा / अतिआवश्यक

राजस्थान सरकार

निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग राज0 जयपुर

(जी.3 राजमहल रेजीडेन्शियल ऐरिया,सिविल लाईन फाटक, 22 गोदाम जयपुर)

टेलीफैक्स 0141-2222403, ईमेल-dlbrajasthan@gmail.com

---

क्रमांकः-प.4(क)आश्वासन / विस / एलएसजी / 20 / 2053 दिनांक 6/08/202

1. मुख्य अभियंता,
   निदेशालय।
2. निदेशक विधि,
   निदेशालय।

विषयः- आश्वासन संख्या 16 / 2018 की क्रियान्विति के संबंध मे।

प्रसंगः- विभागीय पत्रांक 965253 दिनांक 24.08.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत सहायक सचिव, (प्रश्न एवं आश्वासन) राजस्थान विधानसभा सचिवालय से प्राप्त पत्रांक 19480 दिंनाक 27.06.2018 के संलग्न प्राप्त आश्वासन संख्या 16 / 2018 की प्रति प्रेषित कर लेख है कि आश्वासन की क्रियान्विति की सूचना आज ही अनुभाग को भिजवाने का श्रम करावें। कृपया इसे प्राथमिकता प्रदान करें।

अवर शासन सचिव

URGENT

ACE (MJSA)

10/08/2020

Website:- www.rajassembly.nic.in
Email:- assemblyques-rj@nic.in

574......
28/6/18......

प्रेषण प्रमाण पत्र द्वारा

दूरभाष: 0141-2744301 - 320 Ext. 206
फैक्स: 0141-2744333, 2744334

SW/833778
28/6/18

# राजस्थान विधान सभा सचिवालय

| प्रेषक:- | प्रेषिति:- |
| --- | --- |
| सचिव,<br>राजस्थान विधान सभा,<br>जयपुर। | शासन सचिव,<br>स्वायत्त शासन विभाग,<br>राजस्थान सरकार, जयपुर। |

संख्या: एफ7(70)आश्वा/विस/2018/ 19580 जयपुर, दिनांक 27 जून, 2018

महोदय,

चौदहवीं राजस्थान विधान सभा के दशम् सत्र में माननीय स्वायत्त शासन मंत्री द्वारा दिये गये आश्वासनों की प्रति संलग्न कर निदेशानुसार निवेदन है कि प्रत्येक आश्वासन के संबंध में सरकार द्वारा लिये गये निर्णय की सूचना 20-20 प्रतियों में अधिक से अधिक तीन माह की समयावधि में इस सचिवालय को निम्नांकित प्रपत्र में भिजवाने का श्रम करें:-

1. क्रम संख्या
2. आश्वासन देने की तिथि
3. विषय
4. प्रदत्त आश्वासन
5. आश्वासन की क्रियान्विति हेतु की गई कार्यवाही
6. क्रियान्विति की तिथि
7. क्रियान्विति नहीं करने या देरी से क्रियान्विति करने का कारण

(दीपक खिलेरीवाल)
अनुभागाधिकारी

आपसे यह भी निवेदन है कि उक्त आश्वासनों के परिपालन के संबंध में यदि कोई पत्र/परिपत्र/आदेश आदि जारी किये गये हों तो उनकी प्रतियां भी संलग्न कर इस सचिवालय को भिजवाने का श्रम करें।

आपको यह भी विदित ही है कि सदन में दिये गये आश्वासनों की क्रियान्विति जितनी जल्दी हो सके, उतने ही कम से कम समय में अथवा अधिक से अधिक तीन माह में हो जानी चाहिए, किन्तु यदि किसी आश्वासन विशेष के लिये सदन में अधिक समय दिया गया हो अथवा आश्वासन इस प्रकार का हो कि उसे तीन माह में क्रियान्वित किया जाना सम्भव नहीं हो सके तो उसकी सूचना शीघ्र कारण सहित इस सचिवालय की आश्वासन समिति को सूचनार्थ भिजवाने का श्रम करें।

संलग्न आश्वासनों में यदि कोई आश्वासन आपके विभाग से संबंधित न हो तो कृपया उसे संबंधित विभाग को सीधे ही अपने स्तर पर भिजवाकर इस सचिवालय को सूचित करने का श्रम करें।

संलग्न- आश्वासन संख्या 1 से 19 तक

भवन्निष्ठ,

27/6/18

(ओमप्रकाश सोलंकी)
सहायक सचिव (प्रश्न एवं आश्वासन)

## स्वायत्त शासन विभाग

28 फरवरी, 2018

आ.स./वर्ष 16/18 प्रदत्त आश्वासन

विषय:-

| | |
|---|---|
| शून्यकाल के दौरान "जोधपुर शहर के पुरामहत्व के तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों के पानी की व्यवस्था" विषयक कैलाश भंसाली (39) सदस्य विधान सभा द्वारा पर्ची के माध्यम से यह पूछे जाने पर कि:- | |
| मेरा विनम्र निवेदन है कि सरकार इसके बारे में ध्यान दे, यह बात मैंने 2008 में पहली बार अशोक गहलोत साहब की सरकार के सामने रखी थी और उन्होंने इसके लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाई थी, उसने भी अपनी रिपोर्ट दे दी है, तो उसको क्रियान्वित किया जाए।<br>मेरा निवेदन है कि नगर निगम के पास संसाधनों की कमी है, राज्य सरकार विशेष पैकेज देकर इसको अच्छी गति दे सकती है<br>के उत्तर में स्वायत्त शासन मंत्री ने बताया कि:- | जिस कमेटी का आप जिक्र कर रहे थे, उसकी भी मैं जानकारी ले लूंगा और प्रयास करेंगे कि उसकी रिपोर्ट के आधार पर कुछ कार्य को हम आगे बढ़ा सकें।<br>माननीय उपाध्यक्ष महोदय, कई चीजें इन्होंने, जो विषय में नहीं हैं, लेकिन फिर भी आपने उठाईं, शहरी मुख्य मंत्री जल स्वावलंबन अभियान में जो बावड़ियां प्रथम चरण में ठीक नहीं की जा सकीं, उन सभी शेष बावड़ियों का पुनरुद्धार हम द्वितीय चरण में कर देंगे। इस बात को मैं आपको विश्वास दिलाता हूं। |
| इसी सन्दर्भ में श्रीमती सूर्यकान्ता व्यास (191) द्वारा यह पूछे जाने पर कि:-<br>मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहूंगी कि टाइम तो बताओ आप कि 15 दिन में करें, महीने भर में करें, इसकी सफाई करवाओ। अब जो कुछ भी बचा हुआ है, उसकी तो कम से कम संभाल करवाओ और कुछ नहीं तो हमारे जोधपुर दरबार का स्टेटों के टाइम का नाम तो रहे इस गंगलाव तालाब का, यह तो करवाओ।<br>तालाबों के अंदर पट्टा दे दिया, पट्टे कैंसिल कर दो। पट्टे दे दिए तो क्या हो गया। पट्टे दे दिए सरकार ने तो आप कैंसल कर दो। गलत पट्टे दिए हैं तो उसको कैंसल कर दो। और उनको रहने के लिए कहीं भी आवास दो। | इसका सैटलमेंट होने के बाद मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, निश्चित रूप से हम उसका उद्धार करने का प्रयास करेंगे<br>पहला, राजस्व द्वारा इसकी हम जांच करा रहे हैं और निश्चित रूप से मैं आपको कह रहा हूं, अगर गलत पट्टे दिए गए हैं तो उसकी कार्यवाही हम करेंगे। |

| | |
|---|---|
| के उत्तर में स्वायत्त शासन मंत्री ने बताया कि:-<br>इसी सन्दर्भ में श्री कैलाश भंसाली (39) द्वारा यह पूछे जाने पर कि:-<br>मेरा निवेदन है कि समय का निर्धारण करें कि कितने समय तक यह काम हो जाएगा, डीपीआर कब बन जाएगी और उसकी क्रियान्विति कब हो जाएगी?<br>के उत्तर में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री ने बताया कि:- | आपके जोधपुर की कितनी बावड़ियों का जीर्णोद्धार हुआ है तो बची हुई जो भी बावड़ियां हैं और जिन तालाबों का आपने जिक्र किया है, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि शीघ्र ही इनकी डी.पी.आर. बनाकर इनका भी पुनरुद्धार हम करेंगे। |